

Ludhiana
Covid Update
New case - 6
Active case - 23
Home isolation -23

RNI No. PUNBIL/2014/59416

UTURN TIME

# यूटर्न टाईम

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA




VOL:01 | ISSUE:105 | SATURDAY, DATE: 30-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

क्राइम-अलर्ट : नौकर-नौकरानी रखते बरतें एहितायत

# नौकरानी लगाई, चार दिन करती रही सफाई फिर 4 लाख कैश, गोल्ड-रिंग कर गई 'साफ'

लुधियाना / यूटर्न / 30 अप्रैल। छोटी सी लापरवाही का बड़ा नुकसान यहां मॉडल टाउन इलाके में एक कारोबारी को उठाना पड़ गया। उनके घर में रखी नौकरानी ने चार दिन साफ-सफाई और दूसरे काम किए तो शायद परिवार बेफिक्र हो गया। बस मौका देखकर शातिर नौकरानी ने अलमारी में रखा चार लाख कैश और सोने की अंगूठी पर ही हाथ साफ कर दिया और रफुचक्कर हो गई। जानकारी के मुताबिक नौकरानी के काम छोड़ देने के बावजूद कारोबारी नकुल मित्तल के परिवार को चोरी होने जैसा शक नहीं रहा। तभी बाद में उनको असलियत तब पता लगी कि घर में रखी दो अलमारियों को जरुरत पड़ने पर खोला गया। जिनमें रखे चार लाख रुपये और सोने की एक अंगूठी गायब थी। जिसके बाद थाना मॉडल टाउन की पुलिस को सूचित किया गया। उनकी शिकायत पर आरोपी नौकरानी पूजा उर्फ जूली के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। दर्ज शिकायत के मुताबिक चार दिन पहले रखी नौकरानी जूली 8 अप्रैल के बाद घर में काम पर नहीं आई। अब पुलिस उसकी तलाश में लगी है।



मॉडल टाउन में कारोबारी के घर वारदात

## कैसे होता है लापरवाही से बड़ा नुकसान

अपराधियों की मानसिकता को समझने-परखने वाले पुलिस अफसरों व माहिरों के मुताबिक लालच और अपराधिक मानसिकता वाले लोग आसानी से होने वाले चोरी जैसे अपराध को अंजाम देते हैं। घरों व दुकानों में रखने जाने वाले नौकर-नौकरानी, रसोइया, ड्राइवर, गेटमैन, माली आदि बनकर चोरी करने में आसानी रहती है। ये आपसी भरोसे पर रखे जाने वाले वर्कर होते हैं, लिहाजा विश्वासघात की गुंजाईश रहती है। खासतौर पर शहर में नौकर-नौकरानियों द्वारा चोरी, लूटपाट की वारदातें लगातार सामने आती हैं। लिहाजा नौकर रखने के साथ ही अगर उसका पुलिस वेरिफिकेशन करा लिया जाए तो उसकी 'स्कैनिंग' भी साथ हो जाती है। अगर नौकर की पृष्ठभूमि गलत रही होगी तो वह वेरिफिकेशन कराने पर डर जाएगा। वह नौकरी छोड़ देगा या नौकरी करते चोरी वगैराह करते डरेगा। बेशक वेरिफिकेशन के झंझट में ज्यादातर लोग पड़ना नहीं चाहते हैं। ऐसे में कम से कम एक-दो जानकार जमानती बनाकर ही नौकर रखें तो वारदात होने पर जानकारों के जरिए ही पुलिस को उस तक पहुंचने का रास्ता मिल जाता है।



## बढ़ती गर्मी और बिजली-संकट

यूं तो पूरे पंजाब में भीषण गर्मी अपना प्रकोप दिखा रही है, लेकिन इंडस्ट्रियल सिटी होने के नाते लुधियाना में इसका व्यापक असर देखने को मिल रहा है। दरअसल गर्मी बढ़ने के साथ बिजली की मांग भी हर साल इन दिनों में एकाएक बढ़ जाती है, ऐसे में कोयले की कमी से थर्मल प्लांट बंद होने के कारण यह बिजली-संकट भी दोगुना हो गया है। जिसका दोहरा असर औद्योगिक-नगरी में पड़ रहा है। सबसे ज्यादा आबादी वाले इस शहर में रिहायशी इलाकों में तो गर्मी-बिजली को लेकर हाहाकार शुरु हो चुका है, लेकिन इंडस्ट्री को सीधेतौर पर भारी आर्थिक नुकसान होने लगा है। कोरोना संकट से उबरने के बाद पटरी पर आती इंडस्ट्री पर अब यह नई मार पड़ रही है। बेशक, सूबे की आप सरकार बिजली संकट के मामले में पिछली सरकारों की गलतियों को जिम्मेदार ठहराना चाहेगी, लेकिन उसे फिलहाल यह जिम्मेदारी निभानी होगी कि बिजली-संकट का फौरी हल कैसे निकाला जाए।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

'ऑपरेशन सुधार-घर' में ही सुधार की जरुरत

# सौ पुलिसकर्मी गए सेंट्रल जेल में तलाशी लेने लेकर लौटे बस लावारिस पड़ा एक मोबाइल



लुधियाना / यूटर्न / 30 अप्रैल। यहां सेंट्रल जेल में कमिश्नरेट पुलिस की टीम ने जोरदार तलाशी अभियान चलाया। हालांकि इतनी बड़ी एक्सरसाइज के बावजूद एक अदद मोबाइल फोन ही बरामद हो सका, वह भी लावारिस हालत में पड़ा मिला। लिहाजा जांच-कार्रवाई आगे बढ़ने की कोई उम्मीद भी नहीं की जा सकती है। यहां काबिलेजिक्र है कि इसी सेंट्रल जेल में पहले रेड करने पर पुलिस दर्जनभर मोबाइल से ज्यादा मोबाइल फोन बरामद करती रही है। ऐसे में जेल में तैनात सुरक्षाकर्मियों पर ही शक जाता है कि पुलिस के सर्च ऑपरेशन की जानकारी कैदियों-बंदियों तक पहले ही पहुंच गई होगी। शक की गुंजाईश इसलिए भी है कि जेल की डियोढ़ी से लेकर बैरकों तक तैनात सुरक्षाकर्मी कई मौकों पर कैदियों-बंदियों तक मोबाइल फोन व नशीले पदार्थ वगैराह पहुंचाने के आरोप में पकड़े जा चुके हैं।



हालांकि इसी महीने में पुलिस ने तीसरी बार जेल में सर्च ऑपरेशन चलाया और पहली बार काफी मोबाइल बरामद हुए थे। आज के सर्च ऑपरेशन की अगुवाई डीसीपी रवचरण सिंह बराड़, एडीसीपी-4 जगतप्रीत सिंह, एसीपी सुरिंदरपाल ने की, उनकी टीम में करीब सौ पुलिसकर्मी थे। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम ने जेल की सभी बैरकों में कैदियों-बंदियों से कड़ी पूछताछ भी की, मगर एक मोबाइल फोन ही बरामद हो सका।

# कल ईद का चांद देखने की अपील

लुधियाना / यूटर्न / 30 अप्रैल। शनिवार को फील्डगंज में पंजाब दीनी मरकज में शाही इमाम और रूअते हिलाल यानि चांद देखने वाली कमेटी के सदर मौलाना मो. उस्मान रहमानी लुधियानवी की देखरेख में खास बैठक हुई। जिसमें उन्होंने पंजाबभर के मुसलमानों से अपील की कि रविवार एक मई को ईद-उल-फितर का चांद जरूर देखें। अगर किसी को भी चांद नजर आता है तो फौरन जामा मस्जिद में फोन नंबर 0161-2722282 पर जानकारी दें। ताकि ईद-उल-फितर के चांद का ऐलान किया जा सके। अगर कल चांद नजर आ जाता है तो 2 मई यानि सोमवार को ईद-उल-फितर का पाक त्यौहार मनाया जाएगा, वर्ना मंगलवार को ईद मनाई जाएगी।



# रितेश प्रॉपर्टीज के खिलाफ किसान हुए लामबंद, गवर्नर को सौपेंगे ज्ञापन

RPIL Ritesh Properties & Industries Ltd

लुधियाना / यूटर्न / 30 अप्रैल। रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा इंडस्ट्रियल लैंड पर हैमटन होम्स फ्लैट बनाए जाने वाले मामले में मुंडिया कला, मुंडिया खुर्द, नीची मंगली, ऊंची मंगली गांव के किसान इंसाफ की गुहार लेकर पंजाब के गवर्नर से मिलेंगे। गैरतलब है कि ये वही गांव है जिनके किसानों की जमीनों का बेअंत सरकार द्वारा इंडस्ट्रियलाइजेशन के लिए अधिग्रहण किया गया था लेकिन जहां आरपीआईएल के मालिक व आम आदमी पार्टी के राज्यसभी एमपी संजीव अरोड़ा उर्फ सनी ने इस जमीन पर रिहायशी फ्लैट बना दिये वहीं कई अन्य कंपनियों को भी अलॉट हुई 20 से 100 एकड़ जमीन में केवल 1 या 2 एकड़ में ही फैक्ट्री लगाई है और बाकी जमीन पर बड़े फ्लैट काटने की फिराक में हैं। किसान भी बड़े कार्पोरेट घरानों को इंडस्ट्रियल जमीन पर रिहायशी फ्लैट बना करोड़ो रूपये कमाते देख राज्य के गवर्नर से अपने हक की आवाज उठाने के लिए लामबंद हो गये हैं। किसान परिवारों का कहना है कि सरकार द्वारा उनसे जमीन इंडस्ट्री के लिए ली गई थी लेकिन यहां पर तो रिहायशी फ्लैट बनाकर करोड़ों की मुनाफाखोरी की जा रही है। जानकारी के अनुसार मई के पहले सप्ताह चारों गांव के किसान एकजुट होकर पंजाब के गवर्नर के समक्ष अपने हक की मांग को उठाएंगे।

'सुरों के सिकंदर' सरदूल को संगीतमयी श्रद्धांजलि

# नामवर लोकगायक को समर्पित फिल्म 'मां' मदर्स डे पर 6 मई को होने वाली है रिलीज

## • जीवनसाथी नूरी संग सरदूल का गाया फिल्म का गीत 'भाभी' हो गया जारी

लुधियाना/यूटर्न/30 अप्रैल। एशिया की सबसे बड़ी अनाज मंडी के जरिए आर्थिक-जगत में पहचान बनाने वाले खन्ना शहर ने नामवर लोकगायक सरदूल सिकंदर के माध्यम से संगीत-जगत भी खास चर्चा हासिल की थी। बेशक, सरदूल अब दुनिया में नहीं, लेकिन उनके प्रति संगीत-प्रेमियों की दीवानगी में कोई कमी नहीं आई। इसके मद्देनजर उनको समर्पित फिल्म 'मां' 6 मई को मदर्स डे के मौके पर रिलीज कर उनको श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस फिल्म की निर्माता कंपनी हम्बल मोशन पिक्चर्स, ओमजी स्टार स्टूडियोज के सहयोग से इसे प्रस्तुत करेगी। रवनीत कौर ग्रेवाल और गिप्पी ग्रेवाल द्वारा निर्मित इस फिल्म के भाना एलए. और विनोद अस्वाल सह-निर्माता है। इस फिल्म के आ चुके दो ट्रैक 'रब्ब दा रूप' और 'हर जन्म' ने पहले ही दर्शकों को दीवाना बना चुके हैं। अब निर्माताओं ने सागा हिट्स पर तीसरा गाना 'भाभी' जारी किया है। जिसे दिग्गज गायक जोड़ी सरदूल सिकंदर और उनकी पत्नी अमर नूरी ने मिलकर गाया था। ट्रैक का संगीत देसी क्रू ने तैयार किया गया है और गीत हैप्पी रायकोटी ने लिखे हैं। पुराने दौर की झलक इस गाने में दिखाने के लिए वेटरन शैली के लाइव स्टेज शो में शादी समारोह दिखाया है।



## सरदूल और विरासत में संगीत

फतेहगढ़ में एक छोटे से गांव खेड़ी नौद सिंह में 15 जनवरी, 1961 को सागर मस्ताना के घर में सरदूल सिकंदर जन्मे थे। सागर के तीन बेटे गम्दूर, अमर और भरपूर के बाद सरदूल सबसे छोटे थे। गम्दूर व अमर सूफी सिंगर थे तो भरपूर तबला वादक थे। तब सागर मस्ताना महान तबला वादकों में शुमार थे। जो संगीत की क्रिएटीविटी को सुरों में उतारने की बजाए वह नए तबले बनाने की कोशिश करते थे। इसी कोशिश में उन्होंने अलग तरह का तबला ईजाद भी किया, जो बारीक बांस की लकड़ी से भी बजाया जा सकता था। सरदूल गायक बने और उनका एल्बम 'रोडवेज दी लारी' का खुमार आज भी श्रोताओं के सिर चढ़कर बोलता है। अपने करियर में सरदूल ने 27 से ज्यादा एल्बम रिकॉर्ड की थीं। जोड़ी के तौर पर अमर नूरी के साथ गाने के साथ ही सरदूल ने उनको जीवन-संगनी बना लिया था। जो आज भी उनकी संगीत विरासत को सहेज रही हैं।



यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# माता वैष्णो देवी मंदिर सभा ने कराया रूद्र महायज्ञ, मूर्ति स्थापना समारोह

## आत्म नगर में रखे गए इस समागम में श्रद्धालु बड़ी संख्या में हुए शामिल





लुधियाना/यूटर्न/30 अप्रैल। शहर के आत्म नगर के डी ब्लॉक माता वैष्णो देवी मंदिर सभा की ओर से शनिवार को धार्मिक समागम कराया गया। इस दौरान मूर्ति स्थापना के साथ रूद्र महायज्ञ कराया गया मंदिर की प्रबंधक कमेटी की निगरानी में इस दौरान पूरे विधि विधान से हुए इस समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन सुभाष सिंगला, सरपरस्त राजकुमार खन्ना, प्रधान अशोक सिंगला की विशेष उपस्थिति रही। इनके अलावा कमेटी के वरिष्ठ उप प्रधान कुलदीप कुमार सिंगला, उप प्रधान सुभाष गर्ग, महासचिव राज कुमार सेतिया, खजांची नरेश बांसल, संयुक्त सचिव मनीष सचदेवा के साथ ही नरेंद्र सेतिया, अमरजीत गांधी और राजीव गुप्ता की भी उपस्थिति रही।

# लुधियाना में मुस्तैद है पुलिस



लुधियाना / यूटर्न / 30 अप्रैल। कल पटियाला में सिख जत्थेबंदियों और शिव सैनिकों में हिंसक टकराव के बाद वहां कर्फ्यू लगाए जाने के चलते फैल रही अफवाहों के मद्देनजर शनिवार को महानगर में भी चौकसी बरती गई। कुछ संगठनों की पंजाब बंद की कॉल के चलते पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। प्रमुख बाजारों व संवेदनशील स्थानों पर पुलिस के आला अफसरों ने जवानों के साथ गश्त करके माहौल का जायजा भी लिया।

# मुफ्त बिजली के झांसे में आप को सता सौंपने वाली इंडस्ट्री व जनता को नहीं मिल रही पैसे खर्च कर भी बिजली: नवल जैन

## कहा, लाखों रुपये का डीजल फूंक राज्य की इंडस्ट्री बचा रही अपना आस्तित्व



लुधियाना / यूटर्न / 30 अप्रैल। जिला भाजपा सचिव नवल जैन ने इंडस्ट्री को 24 घंटे निर्विघ्न व घरेलू खपतकारों को मुफ्त बिजली देने की लिखित गारंटिया देकर सतासीन हुई आम आदमी पार्टी के शासनकाल में राज्य के उद्योग भारी भरकम बिलों की अदायगी करने के बावजूद बिजली की एक झलक देखने को तरस रहें हैं। इंड्रस्टी संचालक सरकार की नालायकी से दिन में 18-18 घंटे तक लगने वाले बिजली कटों के चलते लाखो रुपये का डीजल फूंक कर कारोबार को जिंदा रखने के लिए प्रयत्नशील हैं। वहीं मुफ्त बिजली व अमन शांति बहाल रखने की केजरीवाल द्वारा दी गई गारंटियों के झांसे में आकर आप को सता सौंपने वाली राज्य की जनता अब भीषण गर्मी में चौबिसो घंटे बिना बिजली के तड़प रही है व पंजाब की धरती पंजाब में क्राइम की भट्ठी में झुलसती जा रही है। पटियाला में दो समुदायों में टकराव के बाद मां काली मंदिर पर शरारती तत्वों का हमला भी सरकारी की नालायकी का ही मुंह बोलता प्रमाण है। शनिवार को इंडस्ट्री पर बिजली कटौती के चलते सरकारी डंडे की निंदा करते हुए उन्होने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री राज्य में आम आदमी पार्टी सरकार के शासनकाल में किसी भी गरीब के हाथों से रोजगार न छीनने की बड़ी-बड़ी बाते तो ट्वीट पर करते हैं। मगर इंडस्ट्री की तरफ से भरे टैक्स की बलबूते हवाई जहाज की सैर करते हैं। उसी इंडस्ट्री पर 24-24 घंटे बिजली प्रयोग करने की पाबंदिया लगाकर उसे बर्बाद कर इंडस्ट्री में काम करने वाले लाखों मजदूरों से दो वक्त की रोटी का निवाला छीनना चाहते हैं।

# स्थापना दिवस पर होगी श्री बालाजी महाराज की महाआरती



लुधियाना / यूटर्न / 30 अप्रैल। लुधियाना के शंकराचार्य नगर हैबोवाल कलां में स्थित जोशी नगर जिसे आज जोकि आज सिद्व पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर की विख्याता के कारण जोशी नगर धाम से जाना जाता है क्योंकि भक्तों का मानना है कि जो भी भक्त यहां सच्चे हृदय से आता है उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है और मंदिर में वार्षिक स्थापना दिवस को लेकर जोकि 27 मई को है तैयारियां जोर शोर से चल रही है और मंदिर में भक्तों की रौनक दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है मंदिर के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मंदिर प्रधान अमन जैन सेवक अनुज मदान द्वारा संत समाज व् गणमान्य अतिथिगण को निमंत्रण का दौर जारी है पहले चरण के दौरान श्री बालाजी महाराज के अनन्य भक्त संजीव गुप्ता परिवार, चिराग परिवार, सरदार जी परिवार, रकेश गुप्ता, बब्बली परिवार, गोला परिवार, पी डी शर्मा परिवार, मुकेश कौशल, नरिंदर, आदि गणमान्यों को मंदिर कमेटी के ज्योति गुप्ता,सेवक सौरव जैन, संदीप पब्बी, अरविन्द टिल्लू, संदीप धमीजा, भाव सहित स्थापना दिवस के निमंत्रण दिए गए। इस अवसर पर प्रभु के अनन्य भक्त एडवोकेट यादविंदर पाल ने कहा कि श्री राम दूत श्री बालाजी भगवान कलयुग में शीघ्रता से प्रसन्न होने वाले देवता है और इनकी पूजा करने से सभी सांसारिक सुखों की प्राप्ति होती है व् सच्चे मन से ध्यान करने से अज्ञात भय से राहत मिलती है। प्रधान अमन जैन व सेवक अनुज मदान ने कहा कि श्री बालाजी महाराज भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार है व् विजय के प्रतीक है जिनकी पूजा से भक्त भय मुक्त हो जाता है। इस अवसर पर मंदिर प्रधान व् मंदिर कमेटी द्वारा एडवोकेट यादविंदर पाल, संजय शर्मा, राजन शर्मा, राम कुमार शर्मा, को विशेष रूप से मंदिर का स्मृति चिन्ह देकर सन्मानित किया गया।

# देवकी देवी जैन मेमोरियल कॉलेज में एनुअल एथलीट मीट का आयोजन



लुधियाना / यूटर्न / 30 अप्रैल। देवकी देवी जैन मेमोरियल कॉलेज फॉर वूमेन मे 30 अप्रैल 2022 को एनुअल एथलीट मीट करवाई। इस मौके पर मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंध समिति के प्रधान नन्द कुमार जैन जी और विशिष्ठ अतिथि कॉलेज प्रबंध समिति के (जनरल सेक्रेट्री) राजीव जैन जी थे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ श्रीमती सरिता बहल जी ने इस समारोह में शामिल सभी गणमान्य अतिथियों का सहदय से स्वागत किया। इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई और णमोकार मंत्र का पाठ कर सर्वशक्तिमान का आह्वान किया गया, जिसके बाद बहन देवकी देवी जी का आशीर्वाद लेते हुऐ उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। अतिथि नंद कुमार जैन जी के द्वारा समस्त सदस्यों के साथ मिल कर ध्वजारोहाण किया और छात्राओं ने मार्च पास्ट की। इसके बाद मुख्य अतिथि ने गुब्बारे उड़ाकर समारोह का उद्घाटन किया। डॉ कुलदीप कौर (प्रमुख, शारीरिक शिक्षा विभाग) ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में छात्रों की विशेष उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मौके पर छात्राओं ने प्रेम, सौहार्द, सद्भावना के साथ खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने की शपथ ली। छात्रों को संबोधित करते हुऐ मुख्य अतिथि श्री नंद कुमार जैन जी ने कहा कि स्मार्ट फोन की लत वाली इस दुनिया में खेलों की भूमिका और भी अहम हो गई है।

# सीमा पार बैठी देश विरोधी शक्तियां पंजाब को एक बार अशांत करने की रच रही साजिशें: तरुण चुग



चंडीगढ़ / यूटर्न / 30 अप्रैल। भाजपा के राष्ट्रिय महासचिव तरुण चुग ने कहा की सीमा पार बैठी देश विरोधी शक्तियां प्रदेश की भाईचारक सांझ पर कुठाराघात करने की साजिश रच रही है।हजारों कुर्बानियों के बाद प्रदेश में स्थाई शांति स्थापित हुई है। लेकिन अपने राजनितिक उदेशों की पूर्ति के लिए जिस प्रकार सदियों से इकठे रहे है भाईचारे को एक-दूसरे के साथ लड़ाने का षड्यंत्र रचा गया, वह बहुत ही निंदनीय है। प्रदेश के लोग कुछ मुठी भर साजिशकर्ताओं के जाल में फंसे। मीडिया से बातचीत करते हुए तरुण चुघ ने कहा की प्रदेश में जब आतंक की काली छाया थी, तब भी दोनों समुदायों ने एक दूसरे की धार्मिक भावनाओं की मर्यादायों पर चोट नहीं आने दी।वह कौन लोग है जो भाईचारक सांझ को तोड़ने की साजिश में शामिल है। मुख्यमंत्री भगवंत मान को इसका जवाब देना होगा।मात्र 45 दिन की सरकार के शासनकाल में दो समुदायों के बीच टकराव पैदा कर दिया गया। निर्दोषों का कत्ल हो रहा है। भगवंत मान पुलिस प्रसाशन पर कंट्रोल करे। केवल कुछ पुलिस अधिकारी पर कार्रवाई कर अपनी जिम्मेदारियों से मुख्त नहीं हो सकते। पुलिस प्रशासन फैल हो गया है। उन्होंने सीएम मान से अपील की वह पटियाला की घटना से सबक सीखते हुए राज्य की कानून व्यवस्था के साथ कोई भी समझौता न करें।

## जन्मदिन मुबारक


शिव गुप्ता


युवान शर्मा


चंदन शर्मा


नीरज सभरवाल

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार प्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 – 3
M: 98142-95372

# बिजली संकट को लेकर सीआईआई की पीएसपीसीएल एमडी से वर्चुअल-मीटिंग

## बढ़ते बिजली संकट से उद्यमियों में घबराहट, पिछले वर्ष भी हुआ था एक सप्ताह का ब्लैक आउट

लुधियाना / यूटर्न / 30 अप्रैल। कंफड्रेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री यानि सीआईआई की स्टेट कौंसिल ने आज पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष अधिकारियों के साथ बिजली संकट को लेकर वर्चुअली मीटिंग रखी। जिसमें बिजली-संकट से उद्योगों को होने वाले नुकसान को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान पीएसपीसीएल के एमडी बलदेव सिंह सरन ने सीआईआई टीम को बताया कि पीएसपीसीएल ने पिछले साल की तुलना में बेहतर तरीके से तैयारियां की थीं। हालांकि गर्मी के शुरुआती महीनों में ही भीषण गर्मी की वजह से इस बार तुलनात्मक मांग में 32% की वृद्धि हो गई है। पिछले साल की तुलना में यह अंतर काफी ज्यादा है। प्रारंभिक गर्मी की लहर के अलावा बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति




में कमी और कांडला गुजरात में एक थर्मल स्टेशन पर संचालन बंद करने से संकट और बढ़ गया। गुजराती प्लांट तो इंडोनेशियाई कोयले पर संचालित होता है, पंजाब में बिजली की कमी के कारणों में से यह भी एक है।

सीआईआई पंजाब के अध्यक्ष अमित थापर ने इस दौरान बताया कि उद्योग को जिलों में तैनात पावरकॉम कर्मचारियों से कई संदेश प्राप्त हो रहे हैं। जिसमें उद्योग का संचालन बंद करने के लिए कहा जा रहा है। जिससे विशेष रूप से निरंतर प्रक्रिया और निर्यात उन्मुख उद्योग के बीच भ्रम और घबराहट पैदा हो रही है। थापर और उद्योग के अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने सुझाव दिया कि चूंकि शॉपिंग मॉल और ऐसे वाणिज्यिक स्थान आवश्यक और आवश्यक श्रेणी में नहीं हैं, इसलिए उनसे अनुरोध किया जाना चाहिए कि वे दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक एसी का उपयोग न करें। जो कि किसी भी मामले में उनकी कम अवधि है। इसके अलावा सरकारी कार्यालयों में विशेष रूप से जो आवश्यक सेवाओं में नहीं हैं, समय में कटौती की जानी चाहिए। इसे लेकर सरन ने बताया कि उद्योग द्वारा प्राप्त संदेश केवल उनकी ओर से उद्योग को अपना भार कम करने की अपील है। यदि किसी ने संचालन किया है तो कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा। साथ ही सहमति जताई की कि यदि उद्योगों पर कोई अनुसूचित कटौती लगाई जाएगी तो उसे उचित नोटिस के साथ सूचित किया जाएगा। सरन ने उद्यमियों से अनुरोध किया कि चूंकि रविवार को बिजली सरप्लस होती है, इसलिए जो उद्योग रविवार को काम नहीं करते हैं, उनसे अनुरोध है कि वे सप्ताह के अवकाश के लिए स्वेच्छा से काम करें और रविवार को काम करें। सीआईआई सदस्यों ने इस संकट में पावरकॉम को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। साथ ही सुझाव दिया कि जब तक राज्य और देश में बिजली की स्थिति स्थिर नहीं हो जाती, तब तक पीएसपीसीएल के अधिकारियों के साथ सीआईआई सदस्यों की नियमित साप्ताहिक बैठक होनी चाहिए। ताकि उद्योगों के भ्रम दूर कर सुचारू कामकाज चलाया जा सके।

एवन साइकिल के परिसर में उद्यमियों से की मुलाकात

# समस्याएं जानने को इंडस्ट्री से रूबरू हुई विधायक छीना



लुधियाना/यूटर्न/30 अप्रैल। एवन साइकिल लिमिटेड में लुधियाना साउथ की विधायक राजिंदर पाल कौर छीना ने स्थानीय साइकिल उद्यमियों से मीटिंग की। इस दौरान उनकी शिकायतें सुनकर जल्द हल कराने का भरोसा दिलाया। विधायक छीना का एवन साइकिल की प्रबंध समिति के प्रमुख ओंकार सिंह पाहवा ने रस्मी-तौर पर स्वागत किया। विधायक ने आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का एक-एक करके समाधान किया जाएगा। लुधियाना शहर अपने साइकिल उद्योग के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है और पूरे भारत से लोग यहां अपनी जीविका कमाने के लिए आते है। उन्होंने कहा कि पंजाब की मान सरकार साइकिल उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की इच्छुक है। विधायक छीना ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है। यही वजह है कि कई बड़ी कंपनियां यहां अपनी मेगा यूनिट लगाने की ओर बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि इससे न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि हजारों पंजाबी युवाओं के लिए रोजगार भी पैदा होंगे। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख हस्तियों में ऋषि पाहवा, राल्सन साइकिल से संजीव पाहवा, बिग बेन साइकिल से जोगिंदर सिंह और अन्य उद्योगपति मौजूद रहे।

# ईडी ने शाओमी पर कसा शिकंजा, 5551 करोड़ जब्त

नई दिल्ली / यूटर्न / 30 अप्रैल। स्मार्टफोन निर्माता चीनी कंपनी शाओमी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अपना शिकंजा कसता जा रहा है। शनिवार को इस मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए ईडी ने बैंक खातों में जमा शाओमी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के 5551.27 करोड़ रुपये जब्त कर लिए। इस संबंध में जारी एक बयान में कहा गया कि ईडी ने कंपनी द्वारा किए गए गोरखधंधे में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 के तहत इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। गौरतलब है कि कंपनी भारत में एमआई और रेडमी ब्रांड नाम के तहत मोबाइल




फोन का कारोबार करती है। ईडी ने शनिवार को की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शाओमी इंडिया चीन स्थित शाओमी ग्रुप की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है। एजेंसी ने कहा कि फरवरी 2022 में चीनी फर्म द्वारा विदेश भेजे गए कथित अवैध प्रेषण के संबंध में कंपनी के खिलाफ जांच शुरू की गई थी। इसके बाद विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत खातों में जमा राशि की जब्ती की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, शाओमी इंडिया ने वर्ष 2014 में देश में अपना परिचालन शुरू किया था और वर्ष 2015 से बाहर पैसे भेजना शुरू कर दिया था। कंपनी ने तीन फॉरेन बेस्ड कंपनियों को रॉयल्टी की आड़ में 5551.27 करोड़ रुपये के बराबर विदेशी मुद्रा का प्रेषण किया।

# मुंबई में एसी लोकल का किराया हुआ आधा

मुंबई / यूटर्न / 30 अप्रैल। रेल राज्य मंत्री रावसाहेब दानवे ने शुक्रवार को घोषणा की कि मुंबई में वातानुकूलित लोकल ट्रेनों के किराए में 50 प्रतिशत की कमी की जाएगी। दानवे ने कहा, 'पांच किलोमीटर की दूरी के लिए मौजूदा न्यूनतम 65 रुपये का किराया घटाकर 30 रुपये किया जाएगा। अभी चर्चगेट से विरार के बीच यात्रा के लिए यात्रियों को 210 रुपये का भुगतान करना पड़ता है। इसी तरह चर्चगेट से वसई के लिए 210 रुपये, चर्चगेट से भायंदर के लिए 190 रुपये,




चर्चगेट से बोरीवली के लिए 180 रुपये, चर्चगेट से अंधेरी के लिए 135 रुपये और चर्चगेट से बांद्रा के लिए 90 रुपये। सीआर मार्गों पर सीएसएमटी से दादर के बीच एकल यात्रा के लिए वर्तमान एसी स्थानीय किराया 65 रुपये है। इसी तरह, यात्रियों को सीएसएमटी से कुर्ला की यात्रा के लिए 135 रुपये, सीएसएमटी-ठाणे के लिए 180 रुपये, सीएसएमटी-डोंबिवली के लिए 205 रुपये, 210 रुपये का भुगतान करना होगा। सीएसएमटी-कल्याण के लिए, सीएसएमटी-वाशी के लिए 185 रुपये, सीएसएमटी-अंधेरी के लिए 135 रुपये, सीएसएमटी-गोरेगांव के लिए 180 रुपये और सीएसएमटी-वडाला के लिए 65 रुपये। दानवे के मुताबिक संशोधित किराया लागू होने के बाद इनमें 50 फीसदी की कमी की जाएगी। मुंबई रेलवे डिवीजन वर्तमान में दैनिक आधार पर मध्य और पश्चिम रेलवे दोनों पर लगभग 80 वातानुकूलित लोकल ट्रेन सेवाएं संचालित करता है। दोनों जोनल रेलवे द्वारा औसतन 43,000 यात्री एमएमआर में चलने वाली वातानुकूलित लोकल ट्रेन सेवाओं का उपयोग करते हैं, जिसमें डब्ल्यूआर पर प्रतिदिन 22,000 यात्री और सीआर पर एसी लोकल ट्रेन सेवाओं का उपयोग करने वाले लगभग 21,000 यात्री शामिल हैं।

## शनि : भारी पड़े सूर्यदेव, गर्मी से बिगड़ी दशा

# गर्म-हवा 42 डिग्री @ जारी हैं पावरकट



■ अकसर बिजी रहने वाले एलिवेटेड रोड पर चीमा चौक आसपास सुबह ग्यारह बजे भीषण गर्मी में कमोबेश सन्नाटा सा पसरा नजर आया। -फोटोः मुनीश वशिष्ठ



■ बिजली के तारों पर सुखाओ कपड़े...बढ़ते पावरकट को लेकर महानगर में भी लोग ऐसी तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल कर रहे हैं।



■ जानवर भी बेहाल...झुलसा देने वाली गर्मी से जानवर भी बेहाल, भैंसों का यह झुंड गांव गौसगढ़ के पास तालाब में नहाता नजर आया। -फोटोः कपिल कत्याल

लुधियाना / यूटर्न / 30 अप्रैल। शनिवार का दिन वाकई में लोगों पर 'भारी' पड़ा। सुबह से ही सूर्य-देव ने अपना प्रकोप दिखाया तो गर्म हवाएं चलने से घर से बाहर निकलते ही राहगीर बेहाल नजर आए। झुलसा देने वाली गर्मी के चलते दोपहर में तो सड़कों पर इक्का-दुक्का वाहन ही नजर आए। गौरतलब है कि सुबह आठ बजे तापमान 27 तो 11 बजे तक 34 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। दोपहर में तापमान कई जगह 42 डिग्री तक रहा। जबकि एयर क्वालिटी इंडेक्स 189 के स्तर पर रहा। मौसम माहिरों ने आज देरशाम धूल भरी आंधी चलने की संभावना जताई। रात में हवा की रफ्तार बढ़ने के आसार है। जिससे रात में किसी हद तक राहत मिलेगी। कल भी मौसम कमोबेश ऐसा ही रहने के आसार हैं और फिलहाल बारिश भी होने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है।

पंजाब में जिला कार्यालय के समक्ष खालिस्तानी झंडे लहराए जाना पंजाब सरकार के फेलियर का नतीजा

# अश्वनी शर्मा ने पंजाब वासियों से शांति और सद्भावना बनाए रखने का किया आह्वान



चंडीगढ़ / यूटर्न / 30 अप्रैल। पटियाला में घटित हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व प्रदेश भाजपा के नेताओं ने पटियाला पहुंच कर वहां के गणमान्य लोगों से मिलकर जहाँ हालात का जायजा लिया, वहीँ वहां के प्रसिद्ध काली माता मंदिर में नतमस्तक होकर माता जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने माता जी के चरणों में पंजाब में शांति और सद्भावना के लिए प्रार्थना की। अश्वनी शर्मा के साथ प्रदेश महासचिव डॉ. सुभाष शर्मा, राजेश बागा, पूर्व मंत्री फ़तेहजंग सिंह बाजवा आदि उपस्थित थे। अश्विनी शर्मा ने कहा कि पटियाला में हुई यह अति निंदनीय घटना आम आदमी पार्टी द्वारा रची गई एक सोची-समझी साजिश है। आम आदमी पार्टी पर राष्ट्र-विरोधी तत्वों से सांठ-गाँठ के आरोप शुरू से ही लगते आए हैं और खालिस्तानी विचारधारा वाला व्यक्ति पन्नू ने भी इस संबंध में स्पष्ट शब्दों में पुष्टि की है। ध्यान देने योग्य बात यह है कि जब से आम आदमी पार्टी पंजाब की सत्ता में आई है तभी से ही कुछ राष्ट्र विरोधी व् अराजकता फ़ैलाने तत्वों ने पंजाब में फिर से अपना सिर उठाना शुरू कर दिया है, जो कि पंजाब के लिए एक सीमावर्ती राज्य होने के चलते बहुत गंभीर चिंता का विषय है। पिछले डेढ़ महीने में दो बार जिला कार्यालयों के समक्ष खालिस्तानी झंडे फहराए जा चुके हैं, जिसके स्पष्ट संकेत हैं कि पंजाब में खालिस्तान का मुद्दा एक बार फिर गर्माने लगा है।

# सत्य भारती स्कूल कैम्पस में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



लुधियाना / यूटर्न / 30 अप्रैल। मालवा सेंट्रल कॉलेज ऑफ एजुकेशन फॉर वूमेन, लुधियाना के प्लेसमेंट सेल द्वारा 30.04.2022 को सत्य भारती स्कूल कैम्पस में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कॉलेज के सहायक प्रो. और इंचार्ज प्लेसमेंट सेल डॉ. नीरज कुमार कार्यक्रम के आयोजक थे। इसमे बी.एड और एम.एड. 2019-2021 बैच के पूर्व छात्रों और बी. एड और एम. एड 2020-2022 (चतुर्थ सेमेस्टर) के कुल 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। प्री-प्लेसमेंट टॉक अजय कुमार, मानव संसाधन प्रबंधक, सत्य भारती स्कूल और विनीत छाबड़ा, जिला समन्वयक, लुधियाना पश्चिम, सत्य भारती स्कूल द्वारा दिया गया। उन्होंने सत्य भारती स्कूलों के बारे में बताया। टीम द्वारा स्कूल की कार्य संस्कृति को प्रस्तुत किया गया। प्री-प्लेसमेंट टॉक के बाद उनके द्वारा छात्रों का इंटरव्यू आयोजित किया गया।

# हिन्दू सिख एकता में दरार डालने पर दर्ज हो देश द्रोह का केस: मेहता



लुधियाना / यूटर्न / 30 अप्रैल। जिस हिन्दू सिख भाईचारे को आतंकबाद की गोली नही तोड़ सकी। उस भाईचारे को तोड़ने का षड़यंत्र करने बाले शरारती तत्वों को सर उठाने से पहले ही मान सरकार कानून की नकेल डाले।यह विचार पंजाब कांग्रेस के महासचिब परमिंदर मेहता ने कल पटियाला में पैदा हुए सम्प्रदायक तैनाब की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए प्रगट किए।उन्होंने जोरदेकर कहा कि अगर एक देशद्रोही राष्ट्र की एकता व अखंडता को चनोती देता है तो उनसे निपटने के लिए हमारे भिन्न सुरक्षा दल गठित है। मेहता ने सोशल मीडिया पर विदेशों में बैठे आतंकबाद व खालिस्तान का प्रचार करने बाले देशद्रोही तत्वों के बेहकाबे में आ कर स्थानीय माहौल ख़राब करने बालो से भी सावधान रहने की चेतबनी देते हुए कहा कि धर्म विशेष के पहनबे में दूसरे धर्म को कोसने बाले कभी सच्चे धर्मीक सज्जन नही हो सकते। क्यों कि किसी धर्मीक ग्रन्थ में दूसरे धर्म की निंदा नही की गई।उन्होंने कहा कि पंजाब ही एक मात्र ऐसा सीमा वर्ती राज्य है। जिसके साथ लगती पाकिस्तान जैसे दुश्मन देश की सीमायों के बाबजूद यहां से हिन्दू सिख के मजबूत रिश्तों ने आतंकबाद को खत्म किया है।आज कल कुछ शरारती तत्व अपने निजि स्वार्थो की ख़ातिर इस नोह् मास के रिश्ते में दरार पैदा करने की पुन असफल कोशिशें करने लगे है।

# टुगेदर फोरऐवर थीम पर आधारित विदाई समारोह सम्पन्न



लुधियाना / यूटर्न / 30 अप्रैल। प्रताप कालेज आफ ऐजुकेशन, लुधियाना में बी.एड.व एम.एड.सत्र 2020-2022तथा डी.एल.एड. के विद्यार्थियों के लिये विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कालेज डायरेक्टर डा. बलवंत सिंह तथा कालेज मैनेजमेंट कमेटी सदस्या डा. रमेश इंद्र कौर बल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कालेज प्रिंसिपल डा. मनप्रीत कौर सहित समूह स्टाफ सदस्य तथा कालेज के सभी विद्यार्थियों ने इस समारोह में उत्साहित होकर भाग लिया। गिद्दा, भाँगड़ा, गीत, नाच, कविता तथा कई प्रकार की फन गेम्स करवाते हुए सभी ने खूब आनंद प्राप्त किया।

कॉलेज डायरेक्टर डा.बलवंत सिंह ने सभी विद्यार्थियों को इस उत्तम आयोजन करने हेतु बधाई दी व उनका उत्साह वर्द्धन किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में अध्यापक बन कर उनका शिक्षण व सह शैक्षणिक गतिविधियों के लिए उत्साह बना रहना चाहिए। डा.रमेश इंद्र कौर बल ने विद्यार्थियों की फरमाइश पर पंजाबी गीत गाकर महफिल सजा दी। कालेज प्रिंसिपल डा. मनप्रीत कौर ने बी.एड. व एम.एड. करके विदा हो रहे सभी विद्यार्थियों को जीवन में शिक्षा का सदुपयोग करके अच्छे शिक्षक बनने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि बी.एड.व एम. एड.कोर्स शिक्षण के व्यवसाय को अपनाने के लिए अनिवार्य है। इसकी डिग्री हासिल करने वाले लोगों को अपने आप को सौभाग्यशाली मानना चाहिए क्योंकि अध्यापक बनना हर किसी के भाग्य में नहीं होता। आज समाज को अच्छे व सच्चे शिक्षकों की आवश्यकता है ताकि हमारी समृद्ध सभ्यता और संस्कृति की जानकारी भावी पीढ़ी को दी जा सके। शिक्षकों का उत्तरदायित्व है कि वे शिक्षा के माध्यम से मानवीय मूल्यों का प्रचार प्रसार भी करें। बी.एड. व डी.एल.एड. के विद्यार्थियों ने सारे समारोह को सुव्यवस्थित तरीक़े से सम्पन्न किया।

# आप विधायक छीना की धक्केशाही ख़िलाफ़ लामबंद हुए कांग्रेसी



लुधियाना / यूटर्न / 30 अप्रैल। लुधियाना से डिप्टी मेयर सरबजीत कौर शिमलापुरी के दफ़्तर में हलका दक्षिणी से विधायक रजिन्दरपाल कौर छीना और आम आदमी पार्टी के नेताओं की तरफ से गई गुंडागर्दी के ख़िलाफ़ आज हलका दक्षिणी कांग्रेस इंचार्ज इशवरजोत सिंह चीमा और डिप्टी मेयर के पति जर्नैल सिंह शिमलापुरी का नेतृत्व में प्रेस कान्फ्रेंस की, जिस में कौंसलर पति निर्मल कैड़ा, शीला दुग्गरी, सोनू डीको, जसविन्दर सिंह ठुकराल, वार्ड इंचार्ज जगमीत सिंह नोनी, राहुल डुलगच्च, तिलक राज सोनू, जतिन्दर सिंह धुन्ना, गुरजीत सिंह, हीरा, मनी आदि उपस्थित थे। इस मौके इशवरजोत चीमा ने कहा कि व्यवस्था से अनजान आप विधायक और नेता हताश हुए गुंडागर्दी पर उत्तर आए हैं, जिस को कांग्रेस पार्टी कभी बरदास्त नहीं करेगी, ईट का जवाब पत्थर के साथ देगी। एक सवाल के जवाब में चीमा ने कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी के नुमायंदे कुछ गलत किया है तो कानून के द्वारा कार्यवाही करते परन्तु दफ़्तर में आ कर बदमाशी करना किस कानून या संविधान के दायरो में आता है, आप विधायक को सोचना चाहिए कि यदि आप चुन कर विधायक बने हो तो जिस के दफ़्तर में हंगामा किया वह भी चुन कर कौंसलर और कौंसलर से डिप्टी मेयर बने हैं, इस धक्के ख़िलाफ़ हम पुलिस के पास सिकायत की है, सोमवार तक कोई कार्यवाही न हुई तो कांग्रेस पार्टी तीखा संघर्ष शुरु करेगी।

# नगर निगम की तरफ से सफाई अभियान का आगाज किया गया



लुधियाना / यूटर्न / 30 अप्रैल। लुधियाना लोधी क्लब से कीज होटल रोड पर शनिवार को नगर निगम की तरफ से सफाई अभियान का आगाज किया गया। इस अभियान का उद्घाटन विधायक गुरप्रीत गोगी करने पहुंचे। इस अभियान में निगम की बीएंडआर, हार्टिकल्चर व सेहत विभाग के मुलाजिमों ने संयुक्त रूप से काम किया। जहां रोड के आसपास सफाई का काम किया गया वहीं सड़क के आसपास पड़े मलबे को भी हटाया गया।विधायक गुरप्रीत गोगी ने कहा कि स्मार्ट सिटी शहर लुधियाना को उनकी सरकार सफाई के काम में अव्वल बनाएगी। इसलिए सफाई अभियान की शुरूआत की जा रही है। इसमें केवल सड़कों को झाड़ू मार कर काम नहीं किया जाएगा। बल्कि सड़क के आसपास पड़े मलबे को भी हटाया जाएगा और ग्रीन एरिया बनाने के लिए हार्टिकल्चर ब्रांच भी काम करेगी। जहां नए पेड़ लगाने की जरूरत है, उन्हें लगाने का काम किया जाएगा। ताकि लोगों को अहसास हो कि वह स्मार्ट सिटी में रहते है।

# गुरु अंगद देव वेटरनरी एंड एनिमल साइंस यूनिवर्सिटी की ओर से एलुमिनी मीट का आयोजन









लुधियाना / यूटर्न / 30 अप्रैल। गुरु अंगद देव वेटरनरी एंड एनिमल साइंस यूनिवर्सिटी (गडवासू) की ओर से एलुमिनी मीट का आयोजन किया गया। इसमें देश विदेश में रह रहे तीन सौ से अधिक यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र-छात्राएं व पूर्व फैकल्टी सदस्य शामिल हुए। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के पाल आडिटोरियम में करवाई गई मीट का उदघाटन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डा. इंद्रजीत सिंह ने किया। अपने संबोधन में चांसलर डा. इंद्रजीत ने कहा कि यूनिवर्सिटी से पढ़ चुके स्टूडेंट्स हमारे ब्रांड एंबेसडर हैं, जिन्होंने अपनी अथक मेहनत से विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर गौरव बढ़ाया। हम पालिसी बना रहे हैं कि कैसे पूर्व स्टूडेंटस या पूर्व फैकल्टी यूनिवर्सिटी के लिए कुछ कर सकते हैं। जल्द ही पालिसी की जानकारी एलुमिन से सांझा कर देंगे। इसके बाद मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे वेटरनरी कालेज के पूर्व डीन 80 वर्षीय डा. आरपी सहगल ने संबोधित किया। इसके बाद खूब रंग जमा, जब पूर्व छात्र छात्राओं ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए अपने खटटे मीठे अनुभव सांझा किए। पूर्व छात्रों ने अपने क्लासमेटस के साथ अपने कालेज और हास्टल से जुड़े किस्सों को सुनाते हुए स्टूडेंटस को खूब हंसाया, वहीं टीचर्स से मिली डांट को अपनी कामयाबी की सीढ़ी बताकर स्टूडेंटस को मोटिवेट किया कि वह भी अपने टीचर्स का पूरा सम्मान करें। उन्होंने वर्तमान विद्यार्थियों से भी अपील की कि कालेज समय जीवन का गोल्डन पीरियड है, इसके हर पल को मस्ती और पढ़ाई दोनों में बिताएं। *-फोटो: विशाल ढल्ल*

# अंतरराष्ट्रीय डांस दिवस पर चल रहा दो दिवसीय नृत्य संपन्न






लुधियाना / यूटर्न / 30 अप्रैल। संगीता स्टूडियो आफ परफार्मिंग आर्ट्स की ओर से अंतरराष्ट्रीय डांस दिवस पर चल रहे दो दिवसीय नृत्य उत्सव का समापन शनिवार हो गया। इस दिन वर्कशाप में भारतनाट्यम, सेमी क्लासिकल, सालसा की जुगलबंदी देखने को मिली। वर्कशाप का आगाज भारतनाट्यम के साथ हुआ जिसमें पिकी चौधरी ने भारतनाट्यम के टिप्स दिए। इसके बाद 75 मिनट की दूसरी वर्कशाप में सेमी क्लासिकल की सीख दी गई जिसमें शिल्पी गुप्ता की ओर से सीख दी गई। तीसरी व इस दिन की अंतिम वर्कशाप सालसा को कार्यक्रम की होस्ट डा. संगीता बी कुशवाहा की ओर से आयोजित किया गया। *-फोटोः विशाल ढल्ल*

## हेरोइन तस्कर गिरफ्तार, 160 ग्राम नशा बरामद



लुधियाना / यूटर्न / 30 अप्रैल। लुधियाना जिले में नशा तस्करों के खिलाफ जिला पुलिस ने अभियान चलाया हुआ है। इसी कड़ी में सीआईए स्टाफ-1 की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हैबोवाल कलां निवासी युवक से 160 ग्राम हेरोइन बरामद की। आरोपी शहर की गलियों में घूम-घूम कर डिलीवरी देता था।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी काले रंग की एक्टिवा पर हेरोइन डिलीवर करने जा रहा है तो पुलिस ने नाकाबंदी करके हेरोइन समेत उसे काबू कर लिया। आरोपी की पहचान अतुल कुमार, न्यू चंदर नगर निवासी, आरे वाली गली नंबर 7, दुर्गापुरी हैबोवाल कलां के रूप में हुई है। सीआईए-1 के इंस्पेक्टर राजेश शर्मा ने कहा कि पुलिस को गुप्ता सूचना थी कि आरोपी नशा तस्करी करता है। इसके बाद कई दिन युवक पर नजर रखी गई। मुखबिर ने सूचना दी कि आरोपी नशा तस्करी करने स्कूटी पर निकला है। आरोपी की धरपकड़ के लिए विशेष नाकाबंदी की गई।नाके पर युवक को रोककर चैकिंग की गई तो हेरोइन बरामद हुई। फिर युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। आरोपी के पीछे मास्टर माइंड कौन है, इस बारे में भी पुलिस सर्च कर रही है।

## जरूरतमंदों की सहायता कर सकून मिलता : रमा जैन



लुधियाना / यूटर्न / 30 अप्रैल। समाजसेवी राकेश जैन अध्यक्ष भगवान महावीर सेवा संस्थान की धर्मपत्नी रमा जैन डायरेक्टर जैन क्रिएटिव लाइन की ने अपना जन्मदिन पर विशाल मेडिकल कैंप का आयोजन किया। जिसमें 220 मरीजों को निशुल्क दवाइयां, फ्री टेस्ट, फ्री चेकअप, फ्री बीपी चेकअप, फ्री शुगर चेक अप, एवं सभी को निशुल्क दवाइयां आदि वितरण कर मनाया, रमा जैन ने बताया हमारी परिवारिक परंपरा रही है। किसी भी तरह का आडंबर होटल या क्लबों आदि में ना जाकर जरूरतमंदों को यथा योग्य सहायता देकर पिछले कई वर्षों से प्रयास हो रहा है इस सेवा कार्य में जो सुकून मिलता है। शायद कई लाखों रुपए अपने ऊपर खर्च करने के उपरांत भी शायद महसूस ना होता हो इसलिए परिवार की हमेशा यही सोच रही है। जन्मदिन हो शादी की वर्षगांठ हो या किसी बड़े बुजुर्ग की पुण्य स्मृति हो को इसी तरह मानव सेवा कार्य कर दी मनाना ठीक समझा जाता है। इस मौके पर मेडिकल कैंप के इंचार्ज डॉक्टर संजीव मेहता ने बताया मैं इस परिवार और संस्था से पिछले 30 वर्षों से जुड़ा हुआ हूं और सेवा के कार्य में जैसा भी आदेश रहता है मैं उसे निस्वार्थ पूरा करने का पूरा प्रयास करता हूं।

# ग्रैंड मैनर सीएलयू विवादः रिटायर्ड डीएसपी व पूर्व मंत्री आशू मामले में आला अफसरों की बढ़ी मुश्किलें

**जब गवर्नमेंट अधिकारी एनएस सोढ़ी को अदालत में पड़ी फटकार**

लुधियाना / यूटर्न / 30 अप्रैल। लगभग चार साल पहले आरटीआई एक्टिविस्ट कुलदीप खैरा की द्वारा गिल रोड जीएनई कालेज के नजदीक करीब दो एकड़ जमीन पर बन रहे ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट ग्रैंड मैनर के निर्माण पर शिकायत से पैदा हुए विवाद ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। जिसका कारण लोकल गर्वमेंट के आला अधिकारियों को केस के मामले में निचली अदालत ने पेश होने की हिदायतें देना है। पहले आला अधिकारी यह कहकर बचने का प्रयास कर रहे थे कि निचली अदालत के पास उन्हें बुलाने के अधिकार नहीं हैं परंतु अदालत द्वारा नोटिस व सम्मन तक जारी करने के बाद आला अधिकारी एकाएक मननीय अदालत में पेश हुए। अब इस मामले में लोकल गर्वमेंट के आला आफिसर (सीनियर आईएएस) की गवाहियों का सिलसिला चल रहा है और 26-04-2022 के पहले ही इस मामले में सीनियर आईएएस व एडिशनल चीफ सेक्रेटरी टू सीएम ए वेणुप्रसाद व आईएएस करुणेश शर्मा कोर्ट के समक्ष पेश हुए और उनकी ओर से ग्रैंड मैनर मामले में अपनी अपनी गवाही दी। क्योंकि जब ये विवाद उठा था तक ए वेणुप्रसाद लोकल गर्वमेंट के सेक्रेटरी व करणेश शर्मा लोकल गर्वमेंट डायरेक्टर थे। इसमें लोकल गर्वमेंट के सीनियर लॉ अफसर एनएस सोढ़ी सबसे बड़ी अड़चन बने हुए थे, जिनकी पेशी के दौरान लोकल गवर्नमेंट किंतु परंतु करने पर चीफ ज्यूडिशियल मेजिस्ट्रेट अमित मक्कड़ ने जमकर फटकार लगाने की चर्चाएं भी जोरों पर हैं। लोगों में चर्चा है कि मामले की सुनवाई के दौरान जब कोर्ट ने सीनियर आईएएस ए वेणुप्रसाद के बयान दर्ज कर रही थी तो सोढ़ी लगातार टोका-टाकी कर रहे थे, जिस पर अदालत ने कड़ा संज्ञान लेते हुए एनएस सोढी को आगाह किया वे भविष्य में भी ऐसी गलती न करें। लोकल गर्वमेंट के अफसर इस मामले में कोर्ट को दी गई गवाही मुताबिक इस फाइल को तत्कालीन लोकल गर्वमेंट मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू के पास भेजे जाने की बात कहते रहे हैं, लेकिन अभी तक इस मामले में सरकार की ओर से कोई एफआईआर तक दर्ज नहीं करवाई गई है।

### कोर्ट ने पुनीत गोयल व सीवीओ को किया तलब



कोर्ट ने अब इस मामले में आइएएस ए वेणुप्रसाद व आईएएस करणेश शर्मा के बयान दर्ज करने के बाद उन्हें इस केस से डिस्चार्ज कर दिया और साथ ही ये हुक्म भी दिए हैं कि जब उन्हें इस मामले में उनकी जरुरत होगी तो उन्हें कोर्ट आना होगा। इस गवाही के तुरंत बाद कोर्ट ने मौजूदा सीवीओ राजीव सेकडी व लोकल गर्वमेंट के डायरेक्टर पुनीत गोयल को इस मामले से संबंधित पूरे रिकार्ड के साथ 10 मई 2022 को पेश होने के सम्मन जारी कर दिए हैं।



### क्या है मामला?

ग्रैंड मैनर सीएलयू विवाद वही विवाद है जिससे पूर्व डीएसपी बलविंदर सिंह सेखों व पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु के बी च विवाद शुरु हुआ था। जिसमें डीएसपी सेखों द्वारा मामले को अदालत में ले जाया गया। गौरलतब है कि मामले में तूल पकड़ने के बाद से ग्रैंड मैनर हाउसिंग प्रोजेक्ट की फाइल लोकल गर्वमेंट व नगर निगम के रिकार्ड से गायब है।

## पक्षी-जगत

# ग्रे बगुला यानि अर्डिया सिनेरिया



**लुधियाना / यूटर्न / 30 अप्रैल।** ग्रे बगुला यानि अर्डिया-सिनेरिया बगुले परिवार का एक लंबे पैरों वाला पक्षी है। ये यूरोप और एशिया और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में भी पाए जाते हैं। यह अपनी सीमा में ही रहते हैं, लेकिन अधिकतर उत्तरी भागों से सर्दियों में दक्षिण की ओर पलायन करते हैं। ये झीलों, नदियों, तालाबों, दलदलों और समुद्र तट पर देखे जा सकते हैं। यह ज्यादातर जलीय जीवों को फ़ीड करते हैं। लिहाजा ये पानी के पास या पानी में स्थिर खड़े होने या उथले-स्थल प अपने शिकार को पीछा करने के बाद पकड़ते हैं। इनकी लंबाई एक मीटर तक और वयस्कों का वजन एक से 2 किलोग्राम तक होता है। इनका सिर और गर्दन सफेद होती है, जिसमें एक चौड़ी काली पट्टी होती है, जो आंख से काली शिखा तक फैली होती है। शरीर और पंख के ऊपर भूरा रंग होता है और नीचे के हिस्से भूरे-सफेद होते हैं, साथ में कुछ काले रंग के होते हैं। लंबी, नुकीली चोंच गुलाबी-पीली और पैर भूरे रंग के होते हैं। प्राचीन मिस्र में देवता बेन्नू को न्यू किंगडम कलाकृति में एक बगुले के रूप में चित्रित किया गया था। प्राचीन रोम में बगुला भविष्यवाणी का पक्षी था। भुना हुआ बगुला कभी विशेष रूप से बेशकीमती व्यंजन था। जब जॉर्ज नेविल 1465 में यॉर्क के आर्कबिशप बने तो मेहमानों को 400 बगुले परोसे गए थे।

(साभार : फोटोग्राफर मनीष शशि शुक्ला, भोपाल, मध्य प्रदेश)

## आज का विचार




## कार्टून-कोना, राज-नीति







# दूसरी पारी में काफी बदले-बदले हुए नजर आ रहे हैं योगी आदित्यनाथ



उत्तर प्रदेश जिसकी कभी देश के पिछड़े राज्यों में गिनती हुआ करती थी। जातिवाद दंगा फसाद, मुस्लिम तुष्टिकरण की सियासत चरम पर रहती थी। वह राज्य पूरे देश को आइना दिखा रहा है। जातिवाद यहां कम हो गया है और धार्मिक उन्माद पर भी योगी सरकार ने लगाम लगा दी है। आज स्थिति यह है कि उत्तर प्रदेश में सभी को अपने धर्म का पालन करने की तो खुली छूट मिली हुई है, लेकिन उसके ऐसा करते समय किसी दूसरे को परेशानी ना हो इसका भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इसीलिए प्रदेश में शांति पूर्ण ढंग से मंदिर मस्जिद से लाउडस्पीकर उतारे जा रहे हैं। मुस्लिम धर्मगुरुओं ने अब नई पहल करते हुए नमाजियों से ईद की नमाज ईदगाह और मस्जिद के अंदर ही पढ़ने की अपील की है। कई प्रमुख धर्म गुरुओं ने सड़क पर नमाज नहीं अदा करने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे और लोगों को परेशानी होती है। सबसे बड़ी बात है कि यह सब बहुत शांतिपूर्वक तरीके से हो रहा है, जिस कारण विपक्ष इसे मुद्दा भी नहीं बना पाया है।

प्रदेश में शांति का माहौल है। सभी धार्मिक आयोजन हर्षोल्लास के साथ मनाया मनाए जा रहे हैं, वहीं राजस्थान, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में कहीं लाउडस्पीकर पर विवाद हो रहा है, तो कहीं रामनवमी की शोभा यात्रा पर हमला। बहरहाल, जब देश के कुछ हिस्सों में धार्मिक स्थलों में लाउडस्पीकर को लेकर विवाद जारी है, तब उत्तर प्रदेश में उन्हें हटाने और उनकी आवाज नियंत्रित करने का काम काफी शांतिपूर्ण माहौल में हो रहा है। यह काम वह मुख्यमंत्री कर रहा है जिसके ऊपर हमेशा हिंदूवादी होने का आरोप लगता रहा है, लेकिन लाउडस्पीकर के मामले पर क्या हिंदू, क्या मुसलमान सभी योगी की वाहवाही कर रहे हैं। कहीं कोई टकराव नहीं है, कहीं कोई विरोध देखने को मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि इस अभियान को सभी समुदायों और उनके धर्मगुरुओं का सहयोग और समर्थन मिल रहा है। यह सच है कि योगी सरकार का लाउडस्पीकर विरोधी अभियान अदालती आदेशों के अनुपालन के क्रम में बिना किसी भेदभाव के चलाया जा रहा है, लेकिन यह भी सच्चाई है कि अन्य राज्यों की सरकारें यही काम सियासी गुणा भाग के चलते नहीं कर पा रहीं। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि आखिर जो काम सहज-सरल तरीके से उत्तर प्रदेश में हो सकता है, वही काम अन्य राज्यों में क्यों नहीं हो सकता और वह भी तब, जब उच्चतम न्यायालय समेत विभिन्न उच्च न्यायालय लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को नियंत्रित करने के आदेश पारित कर चुके हैं। जब ध्वनि प्रदूषण का जरिया बने लाउडस्पीकर आम लोगों की परेशानी बढ़ा रहे हैं, तब इसका कोई औचित्य नहीं कि उन्हें लेकर जो नियम-कानून और न्यायिक आदेश हैं, उनकी अनदेखी हो। लाउडस्पीकर हटाए जाने के मामले में कई राज्य सरकारें अदालत के आदेश को लागू करने में आनाकानी कर रही हैं, उसे देखते हुए उचित यह होगा कि सुप्रीम कोर्ट सभी राज्यों को अपने 2005 के अपने आदेश का पालन करने का निर्देश दे। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि महाराष्ट्र जैसे कुछ राज्य यह कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं कि इस मामले में केंद्र सरकार को कानून बनाना चाहिए। यह बहानेबाजी और वोट बैंक की सियासत के अलावा और कुछ नहीं, क्योंकि इस संदर्भ में एक कानून बना हुआ है और उसकी संवैधानिकता भी परखी जा चुकी है। इसी बहानेबाजी के कारण कुछ लोगों को राजनीति करने का मौका मिल रहा है। महाराष्ट्र और राजस्थान इसकी सबसे बड़ी मिसाल हैं।

लब्बोलुआब यह है कि राज्य सरकारों को यह समझना होगा कि लाउडस्पीकर कोई धार्मिक इंस्ट्रूमेंट नहीं, बल्कि लाउडस्पीकर है। किसी धर्म में लाउडस्पीकर को मानता नहीं दी गई है। बल्कि साफ कहा गया है ऐसी इबादत से कोई फायदा नहीं जिससे दूसरा परेशान हो। अच्छा हुआ कि योगी सरकार ने यह फरमान भी जारी कर दिया है कि आगे से लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। लाउडस्पीकर को लेकर विवाद के बीच कुछ लोग यह कह सकते हैं कि विशेष अवसरों को छोड़कर धार्मिक स्थलों में लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने की छूट मिलना चाहिए, तो इस पर ऐसे लोगों को सरकार के सामने अपना पक्ष रखना चाहिए। इसके बाद हो सकता है कि सरकार इसमें कुछ गुंजाइश तलाशे। फिर भी यह नहीं भूलना चाहिए कि एक तो किसी भी मत-मजहब में लाउडस्पीकर का इस्तेमाल आवश्यक नहीं और दूसरे, आज के इस संचार युग में लाउडस्पीकर के बगैर कहीं आसानी से बिना शोरगुल के अपनी आवाज आप अपने अनुयायियों तक पहुंचा सकते हैं। वास्तव में यह मानने में हर्ज नहीं कि जैसे कई धार्मिक गतिविधियां शक्ति प्रदर्शन का जरिया बन गई हैं, वैसे ही लाउडस्पीकार का बेजा इस्तेमाल भी अपनी 'ताकत' का इजहार करने का बहाना बन गया है। कहीं पर भी लाउडस्पीकर का इस्तेमाल प्रशासन की अनुमति से होना चाहिए और उसकी आवाज नियंत्रित होनी चाहिए।

किसी को भी इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती कि वह लाउडस्पीकर के जरिये पूरे मोहल्ले को अपनी धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधि गाने बजाने से जबरन अवगत कराए। यह सभ्य समाज की निशानी नहीं है। अभी भी यदि कुछ लोग लाउडस्पीकर को अपनी धार्मिक आस्था से जोड़कर देख रहे हैं तो उन्हें समझना होगा कि उनके लिए धर्म से ऊपर उठकर सोचने का समय आ गया है। 21वीं सदी में ऐसी किसी गतिविधि की छूट नहीं दी जा सकती है, जो किसी व्यक्ति या समाज के लिए परेशानी का सबब बने।

# ऑफिस में बैठे-बैठे लेते रहते हैं झपकियां, नींद भगाने के लिए आजमाएं ये टिप्स



क्या आपको पूरा दिन नींद आती रहती हैं? ऑफिस में काम शुरू करते ही आपकी आँखे बंद होने लगती हैं और आप थका हुआ महसूस करते हैं? पूरी रात ढंग से और समय पर नहीं सोने की वजह से आप पूरे दिन ऐसा महसूस कर सकते हैं। पूरे दिन नींद आने के कई कारण हो सकते हैं और इसकी वजह से आपको सिरदर्द, स्ट्रेस, डिप्रेशन और चिड़चिड़ापन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए अगर आपको पूरे दिन नींद आ रही हैं तो खुद पर ध्यान दें। आज के अपने इस लेख में हम आपको कुछ टिप्स बताएँगे जिनकी मदद से आप अपनी नींद को कंट्रोल कर सकते हैं।

### रोजाना एक्सरसाइज करें

अगर आपको भी दिन में हद से ज्यादा नींद आने की समस्या हो रही है तो हर रोज एक्सरसाइज करना शुरू करे दें। शरीर में एनर्जी की कमी की वजह से आपको नींद आ सकती हैं और एक्सरसाइज करने की वजह से आपके शरीर को पर्याप्त एनर्जी मिलेगी। इसलिए सुबह उठकर रोज कम से कम 30 मिनट तक एक्सरसाइज करें।

### समय पर सोएं और भरपूर नींद लें

अगर आपको दिन में बहुत नींद आती है तो रात को समय पर सोना शुरू कर दें। रात को समय पर सोने की वजह से आपको नींद पूरी करने के लिए काफी समय मिल जायेगा और इससे दिन में आपको नींद काम आएगी। इसके अलावा रात को भरपूर और गहरी नींद लेना भी काफी जरुरी है। रात को सोने से पहले आप नहा सकते हैं इससे आपके शरीर को आराम मिलेगा और आप चैन की नींद सो पाएंगे।

### ताजा और सादा खाना खाएं

ज्यादा नींद आने से अगर आप परेशान हैं तो मसालेदार खाने से दूरी बना लें। मसालेदार खाना खाने की वजह से शरीर में आलास आने लगता है इसलिए हमेशा ताजा खाना ही खाएं। इसके अलावा डिब्बाबंद खाने की चीज़ों से भी परहेज करें।

# हैप्पी बर्थडे हिटमैनः टेस्ट डेब्यू पर ही जड़ दिया था शतक, 5 आईपील जीतने वाले इकलौते कप्तान

नई दिल्ली / यूटर्नः टीम इंडिया के कप्तान और स्टार ओपनर रोहित शर्मा आज अपना 35वां जन्मदिन मना रहे हैं। रोहित का जन्म 30 अप्रैल 1987 में नागपुर, महाराष्ट्र में हुआ था। 'हिटमैन' रोहित दुनिया के इकलौते ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने वनडे में 3 डबल सेंचुरी जड़ी हैं। इसके साथ ही वनडे क्रिकेट में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड भी रोहित के नाम ही दर्ज है। आइए जानते हैं रोहित से जुड़ी कुछ खास बातें और रिकॉर्ड्स। रोहित का बचपन काफी गरीबी में बीता है। उनके पिता गुरुनाथ शर्मा, ट्रेवल कंपनी की देखभाल का काम करते थे। रोहित के पिता की इनकम ज्यादा नहीं थी, इसलिए उनका लालन पालन बोरीवली में उनके दादा और चाचा ने किया था। रोहित ने 1999 में अपने चाचा की आय से ही एक क्रिकेट कैम्प में क्रिकेट खेलना शुरू किया था। हिटमैन को उनके चाचा ने ही पहला क्रिकेट बैट दिलाया था। उस समय रोहित के कोच दिनेश लाड थे और उन्होंने कहा था कि तुम अपने विद्यालय को बदल कर स्वामी विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल में आ जाओ, क्योंकि लाड वहीं पर कोच के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने ऐसा कहा ताकि रोहित को क्रिकेट खेलने में ज्यादा सुविधा मिल सके।

## ऑफ स्पिन से की थी शुरूआत

रोहित ने अपने करियर की शुरूआत बतौर ऑफ स्पिनर की थी, लेकिन बाद में कोच दिनेश लाड की सलाह पर उन्होंने बल्लेबाजी पर ध्यान दिया। तब रोहित 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करते थे और लाड ने बाद में इनको ओपनिंग करने के लिए भेजना शुरू किया। बतौर ओपनर रोहित ने पहले ही मैच में शतक जड़ा था। उसके बाद से अब तक रोहित ने क्रिकेट में कई मुकाम हासिल किए हैं।

## 2007 में किया इंटनरनेशनल डेब्यू

2007 के आयरलैंड दौरे पर रोहित शर्मा को टीम इंडिया के लिए पहला वनडे मैच खेलने का मौका मिला था। हालांकि, उस मैच में उनकी बल्लेबाजी नहीं आ सकी। इसके बाद रोहित 2007 में खेले गए पहले टी-20 वर्ल्ड कप की टीम में भी चुने गए। साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच में हिटमैन को पहली बार टी-20 इंटरनेशनल में बल्लेबाजी का मौका मिला और उन्होंने 40 गेंदों पर नाबाद 50 रन बनाए। भारत ने मैच 37 रन से जीता और शर्मा जी 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे। पाकिस्तान के खिलाफ वर्ल्ड कप के फाइनल में भी उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंदों पर 30 रन की नाबाद पारी खेली थी।




## कप्तान के रूप में रोहित का रिकॉर्ड है शानदार

कप्तान के रूप में रोहित का रिकॉर्ड शानदार है। उन्होंने 43 इंटरनेशन मैचों में भारत की कप्तानी की है और 37 मैच जीते हैं। केवल 6 में भारत को हार का सामना करना पड़ा। वहीं, IPL में उन्होंने अपनी टीम को 56.20 फीसदी मैच जिताए हैं। वो एकमात्र कप्तान हैं जिनके नाम पांच IPL ट्रॉफी जीतने का रिकॉर्ड है। बतौर फुलटाइम भारतीय कप्तान बनने के बाद रोहित ने एक भी मैच नहीं हारा है। वो लगातार 14 मैच जीत चुके हैं। इस साल ऑस्ट्रेलियाई मैदानों पर टी-20 वर्ल्ड कप खेला जाना है और टीम इंडिया को हिटमैन से खिताब जिताने की बहुत उम्मीदें हैं।

## रोहित के कुछ स्पेशल रिकॉर्ड्स

रोहित शर्मा भारत के उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने खेल के तीनों फॉर्मेट में शतक जड़ा है। भारत के लिए उनके अलावा सुरेश रैना और केएल राहुल ही ऐसा कर सके हैं। 2014 में श्रीलंका के खिलाफ रोहित ने 264 रनों की पारी खेली थी, जो आज तक वनडे क्रिकेट इतिहास में एक पारी में किसी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। तब रोहित ने 173 गेंद पर 33 चौके और 9 छक्के जड़े थे। वनडे इंटरेनशनल में अब तक 8 बार बल्लेबाजों द्वारा डबल सेंचुरी लगाई गई है। जिसमें से 3 बार तो रोहित शर्मा ने ही ये कारनामा किया है। रोहित के अलावा सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, क्रिस गेल, मार्टिन गप्टिल और फखर जमां 1-1 बार डबल सेंचुरी जड़ चुके हैं। 2017 में रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंद पर टी-20 सेंचुरी जड़ी थी, जो टी-20 इंटरनेशनल में डेविड मिलर के साथ संयुक्त रूप से सबसे तेज सेंचुरी है।

# परिणीति ने पहनी छोटी ड्रेस

बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस की लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवा चुकीं परिणीति चोपड़ा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं रह गई हैं। वह अपने बेहतरीन अभिनय के दम पर खुद को इंडस्ट्री में साबित कर चुकी हैं। वैसे तो परिणीति अक्सर अपनी फिल्मों के कारण ही चर्चा में रहती हैं। लेकिन इन दिनों वह फिल्मों से ज्यादा अपने बोल्ड लुक्स के कारण सुर्खियां बटोरने लगी हैं। पिछले कुछ समय से परिणीति सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव हो गई हैं। हर दिन उनके अलग-अलग लुक्स देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में आज वह सोशल मीडिया सेंसेशन बन चुकी हैं। अब एक बार फिर परिणीति ने फैंस के साथ अपना सिजलिंग लुक शेयर किया है। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इनमें उन्हें रेड कलर की छोटी सी शिमरी ड्रेस पहने देखा जा सकता है। अपने इस लुक को कंप्लीट करने के लिए उन्होंने लाइट मेकअप किया है और बालों को खुला छोड़ा है। इसके साथ परिणीति ने गोल्डन हाई हील्स कैरी की हैं। वैसे, फैंस के लिए शायद यह पहला मौका है जब परिणीति का ऐसा अवतार देखने को मिला है। यहां उन्होंने अपनी तीन तस्वीरें शेयर की हैं। हर फोटो में वह कैमरे की ओर देखकर किलर पोज दे रही हैं। किसी तस्वीर में परिणीति टोंड बॉडी फ्लॉन्ट कर रही हैं, तो किसी में सेक्सी लेग्स। यहां परिणीति काफी अलग अवतार में दिख रही हैं। फैंस उनके इस अवतार को देखते रह गए हैं। एक्ट्रेस के इस फोटोशूट पर लाखों आ चुके हैं। वहीं, फैंस रेड हार्ट और फायर इमोजी बनाकर उनके इस लुक की तारीफें करते नहीं थक रहे हैं।



# सोनाक्षी ने टू-पीस पहन तोड़ी हदें

बॉलीवुड की दबंग गर्ल कही जाने वाली एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा अपनी फिल्मों के कारण अक्सर ही चर्चा में रहती हैं। इसके अलावा उनकी निजी जिंदगी में कुछ न कुछ ऐसा चलता ही रहता है, जिसकी वजह से वह सुर्खियों में आ जाती हैं। लेकिन इस बार एक्ट्रेस अपने लुक्स के कारण चर्चा में हैं। सोनाक्षी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं। ऐसे में अक्सर वह फैंस के साथ अपनी स्टाइलिश और ग्लैमरस फोटोज शेयर करती रहती हैं। लेकिन इस बार सोनाक्षी ने अपनी कुछ ऐसी तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिन्हें देख लोग हैरान भी हैं और उन पर से नजरें भी नहीं हटा पा रहे हैं। इन फोटोज में एक्ट्रेस को बिकिनी पहने देखा जा रहा है। दरअसल, ये तस्वीरें सोनाक्षी के मालदीव वैकेशन्स की हैं। यहां उन्हें समुद्र में और समुद्र किनारे मस्ती करते देखा जा रहा है। फोटो में एक्ट्रेस को बिकिनी पहने देखा जा रहा है। इस पर उन्होंने व्हाइट कलर का ट्रांसपेरेंट श्रग पहना हुआ है। एक्ट्रेस ने यहां अपनी अलग-अलग अदाएं दिखाते हुए कई पोज दिए हैं।



# कैमरे में कैद हुआ श्रद्धा कपूर का सिजलिंग लुक

बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता शक्ति कपूर की बेटी और एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर हमेशा ही किसी न किसी कारण फैंस के बीच छाई रहती हैं। उन्होंने काफी कम समय में इंडस्ट्री में अपने लिए बेहद खास और अलग पहचान बनाई है। श्रद्धा ने अपनी जबरदस्त अदाकारी से तो दर्शकों का दिल जीता ही है। साथ ही लोग उनके स्टाइलिश अंदाज के भी दीवाने रहते हैं। सोशल मीडिया पर श्रद्धा कम ही एक्टिव रहती हैं। हालांकि, वह अपने बिजी शेड्यूल से समय निकालकर फैंस से रूबरू होती रहती हैं। अक्सर फैंस को उनका नया अवतार देखने को मिल जाता है। अब श्रद्धा ने एक बार फिर से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। अभिनेत्री ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें देख उनके चाहने वाले मदहोश हो गए हैं। इनमें उन्हें पिंक कलर की ब्रालेट पहने देखा जा सकता है। हालांकि लोगों की नजरें उनकी टोंड फिगर पर टिक गई है।



खुद बोलती तस्वीर



आर्टिस्ट सिद्धार्थ चटर्जी का लाजवाब स्कैच-वर्क...

मुख्यमंत्रियों और चीफ जस्टिस की जॉइंट कॉन्फ्रेंस खत्म

# संविधान में सबके दायरे तय, अपनी ड्यूटी निभाते समय लक्ष्मण रेखा न भूलें: सीजेआई

नई दिल्ली / यूटर्न: पीएम मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और चीफ जस्टिस की जॉइंट कॉन्फ्रेंस हुई। इस दौरान सीजेआई एनवी रमना ने कहा- संविधान में लोकतंत्र के तीनों अंगों के बीच शक्तियों का बंटवारा किया गया है। अपने कर्तव्यों का पालन करते समय हमें लक्ष्मण रेखा का भी ध्यान रखना चाहिए। सरकारें अदालत के फैसले को बार- बार नजरअंदाज करती हैं, यह हेल्दी डेमोक्रेसी के लिए ठीक नहीं है। वहीं, पीएम ने कहा- हमें कोर्ट में स्थानीय भाषाओं को प्रोत्साहन देने की जरूरत है। इससे देश के आम नागरिकों का न्याय प्रणाली में भरोसा बढ़ेगा, वो उससे जुड़ा हुआ महसूस करेंगे। देश में 3.5 लाख कैदी अंडर ट्रायल हैं, इनके मसले को निपटाने पर जोर दिया जाए। मैं सभी मुख्यमंत्रियों और हाईकोर्ट के जजों से इस पर ध्यान देने की अपील करता हूं। इससे पहले CJI एनवी रमना ने कहा- न्याय का मंदिर होने के नाते अदालत को लोगों का स्वागत करना चाहिए, कोर्ट की अपेक्षित गरिमा और आभा होनी चाहिए। पब्लिक इंटरेस्ट याचिका अब पर्सनल इंटरेस्ट के लिए इस्तेमाल हो रही हैं। यह अफसरों को धमकाने का







जरिया बन गई हैं। पीआईएल राजनीतिक और कॉर्पोरेट विरोधियों के खिलाफ एक टूल बन गया है। इस कॉन्फ्रेंस में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस, केंद्रीय कानून मंत्री और सभी 25 हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस भी मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुआ। इससे पहले यह कार्यक्रम 2016 में हुआ था। प्रधानमंत्री ने कहा आजादी के इन 75 सालों ने ज्यूडिशियरी और एग्जक्यूटिव, दोनों के ही रोल्स और रिसपॉन्सिबलिटी को निरंतर स्पष्ट किया है। जब भी जरूरी हुआ, देश को दिशा देने के लिए ये संबंध लगातार विकसित हुआ है। हम देश में जजों की संख्या को पूरा करने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। हमारे देश में जहां एक ओर ज्यूडिशियरी की भूमिका संविधान संरक्षक की है, वहीं लेजिस्लेचर नागरिकों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है। मुझे विश्वास है कि संविधान की इन दो धाराओं का ये संगम और संतुलन देश में प्रभावी और समयबद्ध न्याय व्यवस्था का रोड मैप तैयार करेगा। कार्यक्रम की शुरुआत में केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजूजू ने कहा- यह कार्यक्रम सरकार और ज्यूडिशियरी के बीच ईमानदार और कंस्ट्रक्टिव बातचीत का यह एक अनूठा मौका है। इससे लोगों को ठोस न्याय दिलाने में मदद मिलेगी।

## जनरल मनोज पांडे बने नए आर्मी चीफ



नई दिल्ली / यूटर्न: जनरल मनोज पांडे ने शनिवार को भारत के 29वें आर्मी चीफ के रूप में पदभार संभाला। जनरल एमएम नरवणे ने बैटन सौंपकर उन्हें आर्मी चीफ की कुर्सी पर बैठाया। ऐसा पहली बार है कि जब सेना की इंजीनियरिंग कोर का कोई अधिकारी आर्मी चीफ बना है। इससे पहले, इन्फैंट्री, आर्मर्ड और आर्टिलरी अधिकारी ही आर्मी चीफ बनते रहे हैं। नेशनल डिफेंस एकेडमी के 1982 बैच से पासआउट मनोज पांडे इंजीनियरिंग बैकग्राउंड से आने वाले पहले आर्मी चीफ हैं। पांडे ने जम्मू-कश्मीर के LOC पल्लनवाला में चलाए गए ऑपरेशन पराक्रम को लीड किया है। यह ऑपरेशन जम्मू-कश्मीर में 2001 में संसद हमले के बाद चलाया गया था, जिसमें आतंकियों के हथियार सप्लाई के नेक्सस का खुलासा किया गया था। इस ऑपरेशन में बड़ी संख्या में आतंकी मारे गए थे। जनरल मनोज पांडे चीन से सटे ईस्टर्न कमांड में कमांडर और ब्रिगेडियर स्टाफ के पद पर काम कर चुके हैं। वे लद्दाख इलाके के माउंटेन डिवीजन में इंजीनियर ब्रिगेड के पद पर तैनात रह चुके हैं। वहीं नॉर्थ-ईस्ट रीजन में भी लेफ्टिनेंट जनरल रहते कई ऑपरेशन में भाग ले चुके हैं। इसके अलावा, वे अंडमान-निकोबार में बतौर कमांडर भी काम कर चुके हैं। जनरल पांडे परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल और विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित हो चुके हैं।

## रूस अब डॉल्फिन्स को भी दे रहा मिलिट्री ट्रेनिंग

मॉस्को। यूक्रेन से जंग के बीच रूस ने अब डॉल्फिन मछलियों को भी मैदान में उतार दिया है। रूसी सेना ने इन मछलियों को ट्रेनिंग देकर काला सागर के नौसैनिक अड्डों पर निगरानी करने के लिए तैनात किया है। यह खुलासा अमेरिका के यूएस नेवल इंस्टीट्यूट ने सैटेलाइट तस्वीरों के जरिए किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, रूसी नौसेना ने सेवस्तोपोल बंदरगाह के एंट्री गेट पर डॉल्फिन्स को रखा है। सेवस्तोपोल बंदरगाह क्रीमिया पेनिनसुला के दक्षिणी छोर पर है, जिस पर रूस ने 2004 में कब्जा कर लिया था। USNI के सैटेलाइट इमेजरी के एनालिसिस के मुताबिक, फरवरी में यूक्रेन पर अटैक की शुरुआत में रूस ने अपने नेवल बेस पर डॉल्फिन्स की दो बटालियन्स को शिफ्ट किया था। मिलिट्री ट्रेंड डॉल्फिन्स को काला सागर के नेवल बेस पर देखा गया है।

## अफगानिस्तान में फिर छिड़ सकता है युद्ध

काबुल। अफगानिस्तान में पिछले साल तालिबान ने कब्जा कर लिया था। इसके बाद अब अफगान सेना के एक पूर्व जनरल ने तालिबान को ललकार है। उनका कहना है कि अफगानिस्तान में स्थिरता लाने के लिए तालिबान से जंग एकमात्र रास्ता है। अफगानिस्तान के पूर्व आर्मी चीफ लेफ्टिनेंट जनरल सामी सादत पूर्व सैनिकों और राजनेताओं के साथ मिलकर तालिबान के खिलाफ जंग शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। ये जंग ईद के बाद शुरू हो सकती है। उन्होंने कहा- तालिबान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई अफगानिस्तान में स्थिरता के लिए एकमात्र रास्ता है। हम अफगानिस्तान को तालिबान से मुक्त करने के लिए जो संभव हो सकेगा वो सब करेंगे, ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था फिर से स्थापित हो सके। जब तक हमें आजादी नहीं मिलती,



हम लड़ते रहेंगे। पूर्व आर्मी चीफ लेफ्टिनेंट जनरल सामी सादत ने कहा कि आठ महीने के इस शासन में देश गरीबी के दलदल में फंसता जा रहा है। उन्होंने कहा- हमने अफगानिस्तान में तालिबान के आठ महीनों के शासन में जो कुछ भी देखा है, वह कुछ और नहीं बल्कि राजनीतिक उद्देश्यों के लिए धार्मिक प्रतिबंधों और पवित्र कुरान का गलत उदाहरण, गलत व्याख्या और दुरुपयोग है। अफगानिस्तान सरकार के गिरने के बाद से देश में मानवाधिकार की स्थिति बदतर हो गई है।

जिग्नेश मेवाणी की गिरफ्तारी पर पुलिस को कोर्ट ने फटकारा

## कहा- जिग्नेश मेवाणी को पुलिस ने फंसाया

दिसपुर / यूटर्न: असम के बारपेटा की अदालत ने गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवाणी को महिला कांस्टेबल पर कथित हमले के मामले में जमानत दे दी है। इस दौरान कोर्ट ने जिग्नेश को इस मामले में फंसाने की कोशिश करने के लिए राज्य पुलिस को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि अगर पुलिस की मनमानी नहीं रोकी गई, तो हमारा राज्य एक पुलिस स्टेट बन जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ट्वीट करने के मामले में असम की एक अन्य अदालत द्वारा जमानत दिए जाने के ठीक बाद 25 अप्रैल को जिग्नेश को पुलिस कर्मी पर हमले के मामले में फिर से गिरफ्तार किया गया था। उस मामले में असम के कोर्ट ने उन्हें जमानत देते हुए 29 अप्रैल को यह टिप्पणी की।



पुलिस वाहनों में CCTV कैमरे लगाएं कोर्ट ने मेवाणी को जमानत देने के अपने आदेश में गुवाहाटी हाईकोर्ट से राज्य में हाल ही में पुलिस की ज्यादतियों के खिलाफ दायर एक याचिका पर विचार करने का अनुरोध किया। साथ ही कहा कि वह असम पुलिस को बॉडी कैमरा पहनने और अपने वाहनों में CCTV कैमरे लगाने का आदेश दे, ताकि किसी आरोपी को हिरासत में लिए जाने पर घटनाओं को कैद किया जा सके। जज अपरेश चक्रवर्ती ने आदेश में कहा कि मजिस्ट्रेट द्वारा दर्ज महिला के बयान के मद्देनजर अगर तत्काल मामले को सच मान लिया जाए, जो सच नहीं है, तो हमें देश के आपराधिक न्यायशास्त्र को फिर से लिखना होगा। कोर्ट ने कहा कि महिला ने FIR में कुछ और कहा है और मजिस्ट्रेट के सामने एक अलग कहानी बताई है। महिला की गवाही को देखते हुए लग रहा है कि जिग्नेश मेवाणी को हिरासत में रखने के उद्देश्य से तत्काल मामला बनाया गया है। कोर्ट ने कहा कि पुलिस कर्मियों की ओर से ऐसे आरोपियों को गोली मारकर हत्या करने या उन्हें घायल करने के मामले राज्य में नियमित बन गए हैं।

## सोनिया से मिलीं पीसीसी चीफ प्रतिभा



शिमला। हिमाचल प्रदेश के कुछ और वरिष्ठ कांग्रेसियों को पार्टी की स्टेट कार्यकारिणी में जगह मिल सकती है। नई प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने दिल्ली में सोनिया गांधी से मुलाकात के दौरान इस संबंध में सिफारिश की है। प्रतिभा सिंह अपनी नियुक्ति के बाद शनिवार को कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलीं। प्रतिभा ने अपनी नियुक्ति पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का आभार जताया है। मुलाकात के दौरान उन्होंने सोनिया को इस बात से अवगत कराया कि नई घोषित कार्यकारिणी में कुछ वरिष्ठ नेताओं शामिल नहीं किया गया है। ऐसे सीनियर नेताओं को कार्यकारिणी में शामिल कर उन्हें मान सम्मान देना चाहिए और उनके अनुभव का लाभ उठाना चाहिए। प्रतिभा के अनुसार, सोनिया गांधी ने भी इस बात को स्वीकार किया है। इस मुलाकात के बाद संभावना जताई जा रही है कि कांग्रेस हाईकमान छूट गए नेताओं को जल्द कार्यकारिणी में शामिल कर नई जिम्मेदारी दे सकती है। हालांकि कांग्रेस ने पहले ही 50 से अधिक नेताओं को अलग-अलग कमेटियों में नियुक्ति दे जबो कार्यकारिणी घोषित की है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि हिमाचल में आम आदमी पार्टी का कोई जनाधार नहीं है।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma